हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 8 मार्च, 2017/ 17 फाल्गुन, 1938 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 8

सड़कों की स्वीकृति

1594 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में चकलाणी, जठाणी, धारठ गोभा, जगराई नाला से पुलगा, वालू-रा गेरा टिपरी, दोहरानाल से शिल्ही राजगिरी तथा दोहरानाल से डावरी सड़कों को प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु भेजने के लिए मामले कब-कब से किस कार्यालय में लम्बित पडे हैं; और

(ख) सरकार इन सड़कों को स्वीकृति हेतु केन्द्र सरकार को कब तक भेजने का विचार रखती है?

अध्यापकों की सेवामुक्ति

1595 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा SMC द्वारा नियुक्त किये गये अध्यापकों को सेवामुक्त किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इनके स्थान पर नियुक्ति हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जाएगी; ब्यौरा दें ?

कृषि विकास अधिकारी की रिक्तियां

1596 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में कृषि विकास अधिकारी (ADO) के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

अनुदेशकों की रिक्तियां

1597 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आई.टी.आई चच्योट में कितने ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है तथा इसमें अनुदेशकों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

मशीनों की मरम्मत

1598 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के उप-मण्डल चुराह में मशीनें खराब पड़ी हैं; यदि हां, तो इसको ठीक करवाने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार क्या चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नई मशीनरी उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

पदों का सृजन

1599 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में विभिन्न प्राथमिक पाठशालाओं में कितने पदों को सृजित किया गया; ब्यौरा जिलावार दें?

विद्युत परिषद् में लाभ/घाटा

1600 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत चार वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद् सीमित को कितना लाभ या घाटा हुआ; ब्यौरा दें; और

(ख) इस परिषद् में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं और सरकार इनको भरने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सब्जी मण्डी पतलीकूहल

1601 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने सब्जी मण्डी पतलीकूहल को स्थानान्तरित करने के लिए कटराईं विहाल में भूमि चिन्हित की है;

(ख) यदि हां, तो कितनी भूमि है और किस विभाग की है; ब्यौरा दें; और

(ग) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक सरकार ने इस कार्य के लिए कितनी धनराशि जारी की है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004.
दिनांकः 20 फरवरी, 2017.

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव।